उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार

पिन कोड– 249404

संख्या :: 64/16/E-2/DR/AG(APS)/2020-21 दिनाँक :: 10 जून, 2022

विज्ञप्ति

अपर निजी सचिव (मुख्य) परीक्षा–2021 (महाधिवक्ता कार्यालय उत्तराखण्ड, नैनीताल) के अन्तर्गत हिन्दी व अंग्रेजी टंकण की परीक्षा एवं हिन्दी व अंग्रेजी आशुलेखन की परीक्षा

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि महाधिवक्ता कार्यालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में अपर निजी सचिव परीक्षा–2021 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–A-4/E-2/DR/AG(APS)/2021, दिनाँक 26 सितम्बर, 2021 के सापेक्ष दिनांक 30 जनवरी, 2022 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, विज्ञप्ति संख्या–89/21/गोपन–02/महा0का0ए0पी0एस0(प्रा0)/2021–22, दिनांक 11 मार्च, 2022 द्वारा घोषित किया गया है। प्रारम्भिक परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों की हिन्दी व अंग्रेजी टंकण एवं हिन्दी व अंग्रेजी आशुलेखन की परीक्षा का आयोजन **दिनांक 29 जून, 2022 (बुधवार)** को **परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** में किया जायेगा। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम, हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा एवं हिन्दी व अंग्रेजी आशुलेखन परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाईट **www.psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त निर्देशों का अवलोकन करना अवश्य सुनिश्चित करें।

02. दिनांक 29 जून, 2022 को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त, टंकण व आशुलेखन परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के समस्त शैक्षणिक व आरक्षण सम्बन्धी अभिलेखों का, मूल अभिलेखों से मिलान उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय, हरिद्वार में किया जाना भी निर्धारित है। उक्त हेतु अभ्यर्थी पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– 330/16/E-2/DR/AG(APS)/2020-21, दिनांक 15 मार्च, 2022 के क्रम में आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराये गये अभिलेखों की मूल प्रति व 01 सैट छायाप्रति व 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ अभिलेख मिलान के समय प्रस्तुत करेंगे। उक्त के अतिरिक्त प्रपत्र– 02, 03 एवं 04 भी आयोग की वेबसाईट **www.psc.uk.gov.in** से डाउनलोड करने के उपरान्त पूर्ण रूप से भरते हुए, अभिलेख मिलान के समय आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त परीक्षा के लिए औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 15 जून, 2022** से आयोग की वेबसाईट www.psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से कोई सूचना/प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

-Sd-

(एस0 एल0 सेमवाल)

प्रभारी सचिव।